# कानपुर में फैला नामचीन ब्रांड की नकली दवा का कारोबार, बड़े पैमाने पर हो रही थी धोखाधड़ी; ऐसे हुआ बेनकाब



**जागरण संवाददाता, कानपुर।** नामचीन ब्रांड के नाम पर नकली दवा का कारोबार करने वालों की तलाश में ड्रग विभाग छापेमारी कर रहा है। बीते गुरुवार को बिरहाना रोड के थोक दवा कारोबारी के यहां हुई छापेमारी में बड़ी मात्रा में गैस और एलर्जी की दवाएं मिली थीं।

जांच में दो दवाएं नकली और तीन अधोमानक निकलीं। वहीं, काइमोरल फोर्ट, मोनटेर, एसिलाक दवाओं की प्राथमिक जांच करने में वो खड़िया मिट्टी की तरह दिखीं।

पनकी स्थित अवैध रूप से संचालित लाइफलाइन फार्मेसी में दो लाख रुपये की दवाएं जब्त कर 15 के सैंपल जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजे गए। न्यू गगन मेडिकल स्टोर नजीराबाद की दवाएं सील कर उसका लाइसेंस निरस्त किया गया।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/kanpur-city-fake-medicine-racket-busted-in-kanpur-counterfeit-drugs-of-renowned-brands-seized-23814737.html